कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,

23 एलनगंज, इलाहाबाद, पिन कोडः– 211002

दूरभाष सं0/ फैक्स नं0:– 0532 2466761, 0532 2466769 Website: http:\\examregulatoryauthorityup.in

विज्ञप्ति

दिनांक 02.02.2016 को आयोजित **उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET) 2015** की परीक्षाओं से सम्बन्धित प्रश्नपुस्तिकाओं के चारों सीरीज की उत्तरमाला निर्धारित वेबसाइट **http://upbasiceduboard.gov.in** पर **दिनांक 08.02.2016 अपराह्न से** प्रकाशित की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति वेबसाइट पर उपलब्ध उत्तर माला के क्रम में यदि कोई आपत्ति संज्ञान में लाना चाहते हैं तो निम्नलिखित शर्तो के अधीन **दिनांक 11.02.2016 सायं 06:00 बजे तक** ई–मेल आई डी **uptethelpline@gmail.com** के माध्यम से संज्ञान में ला सकते हैं –

1. प्रेषित आपत्ति के साक्ष्य उपलब्ध कराना अनिवार्य है। साक्ष्य संलग्न या उपलब्ध न रहने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और उसे प्रथम दृष्टया निरस्त मान लिया जायेगा।
2. आपत्ति केवल ई–मेल आई डी **uptethelpline@gmail.com** के माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी। व्यक्तिगत, पत्राचार एवं मोबाइल आदि किसी अन्य माध्यम से कोई भी आपत्ति संज्ञान में नहीं ली जायेगी।
3. दिनांक 11.02.2016 सायं 06:00 बजे के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी आपत्ति संज्ञान में नहीं ली जायेगी।
4. अभ्यर्थी अपनी आपत्ति निम्न प्रारूप पर **(MS-EXCEL या MS-WORD में Times New Roman font)** पर तैयार कर सॉफ्ट कॉपी में भेंजे –

क्र0सं0	परीक्षा का स्तर	प्रश्न पुस्तिका की सीरीज	प्रश्न संख्या	जारी उत्तर माला के अनुसार उत्तर	अभ्यर्थी द्वारा माने जाने वाला उत्तर	अभ्यर्थी द्वारा माने जाने वाले उत्तर का साक्ष्य

उक्त प्रारूप के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से कोई भी आपत्ति संज्ञान में नहीं ली जायेगी। उक्त विज्ञप्ति एवं जारी उत्तरमाला का अवलोकन विभागीय वेबसाइट पर भी किया जा सकता है।

(श्रीमती) नीना श्रीवास्तव
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, इलाहाबाद।

पृ0सं0/ गोप0/टी0ई0टी0 15/ 32196–198 /2015–16 दिनांक 06.2.2016

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–11, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
3. उपमहानिदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन छठां तल, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि शिक्षक पात्रता परीक्षा 2015 हेतु प्रकाशित उक्त् विज्ञप्ति एवं उत्तर माला को निर्धारित वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।

6.2.16

(श्रीमती) नीना श्रीवास्तव
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, इलाहाबाद।